आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 18.04.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढ़े आठ बजे राष्ट्र को करेंगे संबोधित।

2– केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत में दो फीसदी की बढ़ोतरी की गई।

3– प्रदेश में जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को अब बिना कलेक्टर की अनुमति के अवकाश नहीं दिया जाएगा।

**और**

4– महासमुंद जिले में पुलिस ने करीब साढ़े चार करोड़ रूपए मूल्य का गांजा जब्त कर एक अंतर्राज्जीय तस्कर को किया गिरफ्तार।

..........

**<u>प्रधानमंत्री–संबोधन</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढ़े आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। महिला आरक्षण से जुडे संविधान संशोधन विधेयक गिर जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री यह संबोधन कर रहे हैं। विपक्षी दलों द्वारा समर्थन नहीं मिलने के कारण महिला आरक्षण विधेयक दो तिहाई बहुमत पाने में असफल रहा। इस कारण

लोकसभा में इसे पारित नहीं करवाया जा सका। परिसीमन के माध्यम से महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने से जुड़ा प्रस्तावित कानून लंबी बहस के बाद पारित नहीं हो सका।

**<u>लोकसभा–विधेयक</u>**

लोकसभा में कल एक सौ इकतीसवां संशोधन विधेयक पारित नहीं हो सका। इस विधेयक में लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीटें आरक्षित रखने का प्रावधान था। लोकसभा में उपस्थित कुल पांच सौ अठासी सदस्यों में दो सौ अंठानवे सांसदों ने इसके पक्ष में और दो सौ तीस ने इसके विरोध में मतदान किया, जो दो तिहाई बहुमत से कम था।

इस विधेयक के पारित नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने विपक्ष की तीखी आलोचना की है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण देने वाले इस बिल को गिराना निंदनीय है। उन्होंने चेतावनी दी कि इसका राजनीतिक असर दूर तक जाएगा और विपक्ष को वर्ष दो हजार उनतीस के लोकसभा चुनाव सहित हर चुनाव में महिलाओं के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा।

वहीं, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस विधेयक को लेकर विपक्ष का विरोध केवल एक कानून का विरोध नहीं है, बल्कि देश की मातृशक्ति के अधिकार, सम्मान और नेतृत्व क्षमता को नकारने का प्रयास है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आरोप लगाया कि विपक्ष ने जानबूझकर इस संवैधानिक संशोधन बिल को पास नहीं होने दिया।

**केन्द्रीय मंत्रिमंडल–निर्णय**

केन्द्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत में दो फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। केन्द्र ने महंगाई भत्ते को अंठावन से बढ़ाकर साठ प्रतिशत कर दिया है। यह निर्णय आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में लिया गया।

बैठक के बाद मंत्रिमंडल में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह बढ़ोतरी इस साल एक जनवरी से लागू होगी।

श्री वैष्णव ने कहा कि मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को मार्च दो हजार अट्ठाईस तक जारी रखने की भी मंजूरी दे दी है। योजना का संशोधित परिव्यय तिरासी हजार नौ सौ सतहत्तर करोड़ रुपये होगा।

**जनगणना–अवकाश प्रतिबंध**

छत्तीसगढ़ में जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को अब बिना कलेक्टर की अनुमति के अवकाष नहीं दिया जाएगा। गृह विभाग ने इस संबंध में आदेष जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि कर्मचारी बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़े। साथ ही इस आदेष का उल्लंघन करने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि प्रदेश में एक से तीस मई तक जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का काम किया जाना है। इस काम के लिए प्रदेष में बासठ हज़ार से अधिक अधिकारियों और कर्मचारीयों की ड्यूटी लगाई गई है।

**धर्म स्वातंत्र्य कानून**

छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य विधेयक–दो हजार छब्बीस राज्यपाल की मंजूरी मिलने के बाद अब राजपत्र में प्रकाशित कर दिया गया है। इसके साथ ही यह औपचारिक रूप से कानून बन गया है। नए कानून में अवैध धर्मांतरण को लेकर कठोर दंड का प्रावधान किया गया है।

**न्यायधीश–नियुक्त**

राष्ट्रपति ने भारत के मुख्य न्यायाधीष से परामर्ष के बाद छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के पांच अतिरिक्त न्यायाधीषों को स्थायी न्यायाधीष नियुक्त किया है। इनमें न्यायमूर्ति सचिन सिंह राजपूत, न्यायमूर्ति राधाकिषन अग्रवाल, न्यायमूर्ति संजय कुमार जायसवाल, न्यायमूर्ति बिभु दत्ता गुरु और न्यायमूर्ति अमितेन्द्र किषोर प्रसाद शामिल हैं। ये सभी अब उच्च न्यायालय में स्थायी न्यायाधीष के रूप में कार्य करेंगे।

**प्लांट हादसा–जांच**

सक्ती जिले के सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर लिमिटेड में बीते दिनों हुए हादसे में मरने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर तेईस हो गई है। इस हादसे में छत्तीस लोग घायल हुए थे, जिसमें से तेरह लोगों का इलाज प्रदेश के अलग–अलग अस्पतालों में जारी है। घटना के बाद वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, प्रबंधन समेत दस लोगों के खिलाफ डभरा थाने में एफआईआर दर्ज हुई है।

इस बीच, सामान्य प्रशासन विभाग ने इस हादसे की जांच के आदेष जारी कर दिए हैं। जांच के लिए बिलासपुर संभाग के आयुक्त को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने अपने आदेश में कहा है कि जांच अधिकारी तीस दिन के भीतर जांच पूरी कर अपना प्रतिवेदन राज्य शासन के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

## गांजा–आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने ओडिशा से उत्तरप्रदेश ले जाया जा रहा करीब साढ़े चार करोड़ रूपए का मूल्य का गांजा जब्त किया है। इस मामले में एक अंतर्राज्जीय तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। एंटी नाकोर्टिक्स टॉस्क फोर्स और बसना पुलिस की संयुक्त टीम ने पलसापाली बैरियर के पास नाकाबंदी कर एक ट्रक की तलाशी ली। इस दौरान नौ सौ बारह किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार तस्करों ने वाहन पर फर्जी नंबर प्लेट का उपयोग किया था। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल और फर्जी नंबर प्लेट भी जब्त की है।

वहीं, बिलासपुर जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कार से दो सौ पैंतालीस किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब सवा करोड़ रूपए आंकी गई है। इस मामले में पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

## एसीबी–ईओडब्ल्यू–कार्रवाई

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी और आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए निलंबित आईएएस समीर विश्नोई की करीब पन्द्रह से बीस करोड़ रूपए की बेनाम संपत्ति अटैच कर ली है। इससे पहले, निलंबित आईएएस रानू साहू और सौम्या चौरसिया की संपत्ति भी अटैच की जा चुकी है।

कार्रवाई के तहत महासमुंद में बाईस एकड़ जमीन, नवा रायपुर की जमीन और रायपुर में एक मकान सहित कई बेनामी संपत्ति को सीज किया गया है, जिसकी कीमत करोड़ों रूपए बताई जा रही है। जांच में सामने आया कि ज्यादातर संपत्ति उन्होंने अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के नाम से खरीदी थी। एसीबी और ईओडब्ल्यू ने

इन संपत्तियों को सीज करने का ब्यौरा विशेष न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया था। कोर्ट से आदेश मिलने के बाद यह संपत्ति कुर्क कर ली गई है।

गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने करीब चार साल पहले समीर विश्नोई को मनी लॉड्रिंग और कोयला घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया था।

**संजू देवी–सम्मान**

भारत को कबड्डी विश्वकप और एशियन चैंपियनशिप दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली संजू देवी को खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा पचास लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई हैं। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें यह राशि सौंपी। श्री साव ने इस दौरान बिलासपुर के चिंगराजपारा कबड्डी क्लब को कबड्डी मैट भी प्रदान किया।

संजू देवी को उनके शानदार खेल की वजह से पिछले साल नवम्बर में बांग्लादेश में आयोजित कबड्डी विश्वकप में मोस्ट वेल्युबल प्लेयर चुना गया था।

संजू अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाली राज्य की पहली कबड्डी खिलाड़ी है।

**मौसम**

प्रदेश में तेज गर्मी का असर लगातार बना हुआ है और आने वाले दो दिनों में भी लोगों को कोई राहत मिलने के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कल राज्य के कई जिलों में लू जैसे हालात बने रहेंगे। वहीं, अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके अलावा बस्तर संभाग में अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट हो सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जषपुर में कल ”मोर गांव, मोर पानी, मोर तरिया” महाअभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने इस योजना के तहत प्रदेष में पांच सौ नये तालाब के निर्माण के लिए षिलान्यास किया।

– आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर दो प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं। महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित चिंतन शिविर में छत्तीसगढ़ को ये पुरस्कार प्रदान किए गए। यह पुरस्कार दो श्रेणियों में दिया गया है।

– बिलासपुर एंटी करप्षन ब्यूरो की टीम ने दस हजार रूपए की रिश्वत लेने के आरोप में बरमकेला से खंड षिक्षा अधिकारी को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही संकुल समन्वयक को भी सहयोग के आरोप में पकड़ा गया है।

और

– बिलासपुर जिले के निरतु ग्राम में राजस्व, खनिज और पुलिस विभाग की टीम ने आज दबिश देकर अवैध रेत खनन कर रहे दो वाहनों को जब्त किया है। साथ ही अवैध रूप से डंप की गई सत्तर ट्रैक्टर रेत को भी बरामद किया है। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है वे अवैध खनन की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि इस पर रोक लगाई जा सके।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>